पत्रांक–भवन/स्था०–02A–विविध–01/2026.........7627 (अ)

# बिहार सरकार

## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा,
संयुक्त सचिव–सह–नोडल पदाधिकारी,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

अत्यावश्यक
स्मार पत्र

सभी कार्यपालक अभियंता(विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांक– 14/8/26

विषयः– बिहार राज्य में अगामी 05 वर्षों (2025–30) की अवधि में कुल (01) एक करोड़ नई नौकरी/रोजगार सृजन से संबधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग का पत्रांक–90 दिनांक–20.01.2026, ज्ञापांक–241 दिनांक–24.02.2026, पत्रांक–347 दिनांक–20.04.2026 तथा विभागीय पत्रांक–878 दिनांक–27.01.2026, एवं अद्यतन पत्रांक–7373 दिनांक–07.08.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि राज्य सरकार के 'सात निश्चय–3' के तहत दोगुना रोजगार–दोगुनी आय' अंतर्गत आगामी 05 वर्षों (2025–30) में 01 करोड़ नौकरी/रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सभी विभागों द्वारा नौकरी एवं रोजगार संबंधी (क्रियान्वित योजनाओं में संलग्न पदाधिकारी/कर्मी/मजदूर आदि) विभागवार एवं जिलावार आंकड़ों का संकलन कर नव–निर्मित पोर्टल पर अपलोड युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गए विहित प्रपत्र में प्रत्येक माह अद्यतन किया जाना है।

अतः निदेशानुसार स्मारित करते हुए अनुरोध है कि आपके प्रमंडल में क्रियान्वित योजनाओं में संलग्न पदाधिकारी/कर्मी/मजदूरों से संबंधित **माह–अगस्त, 2026** का प्रतिवेदन दिनांक–**17.08.2026** (भविष्य में प्रत्येक माह का प्रतिवेदन संबंधित माह के तृतीय सोमवार तक) तक उपलब्ध कराए। साथ ही निम्नांकित का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएः–

1. विदित हो कि 'भवन निर्माण विभाग' एक कार्य विभाग है। अतः **संलग्न प्रपत्र–II** में आपके प्रमंडल अंतर्गत योजनाओं से संलग्न कार्यरत कर्मियों(यथा पदाधिकारी /कर्मी/मजदूर आदि) के आंकड़े अपेक्षित हैं। वर्तमान प्रतिवेदन में इन आंकड़ों का शून्य प्रदर्शित होना विभागीय मापदंडों के प्रतिकूल है। अतः अनुरोध है कि **प्रपत्र–II** में पूर्ण एवं अद्यतन सूचनाओं की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए।
2. संलग्न प्रपत्र के प्रारूप में कोई बदलाव न किया जाए, सूचना यथावत उसी प्रपत्र में **आपके स्तर से समेकित रूप से** विभाग को उपलब्ध कराया जाए।

कृपया इसे प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन,

13.08.26

(अवधेश नंदन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव–
सह–नोडल पदाधिकारी।

Shiram